# रह ना पाऊंगा श्याम मैं रह ना पाऊंगा भजन लिरिक्स

रह ना पाऊंगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा,
मेरे मन की बातें बाबा,
किसे बताऊंगा,
रह ना पाऊँगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा।bd।

तर्ज – मैं ना भूलूंगा।

---

वो खाटू की गलियां,
मुझे तड़पाती हैं,
वो लीले वाले की,
याद दिलाती है,
छलक रहे हैं प्रेम के आंसू,
आँखों से मेरे,
तू ही बता कैसे समझाऊं,
अब मन को मेरे,
रह ना पाऊँगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा।bd।

---

बताओ सांवरिया,
कहाँ मैं जाऊँगा,
ये संकट की घड़ियाँ,
मैं भूल ना पाऊंगा,
दिन कटता ना कटती रातें,
यादों मैं तेरे,
बाँध ली मैंने प्रीत की डोरी,
चरणों से तेरे,
रह ना पाऊँगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा।bd।

---

छोड़ कर दुनिया को,
तेरे दर आया हूँ,
संभालोगे मुझको,
ये आशा लाया हूँ,
सिर पर हाथ फिराओगे तुम,
आकर भी मेरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘सूरज राजस्थानी’ बैठा,
चरणों में तेरे,
रह ना पाऊँगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा।bd।

---

रह ना पाऊंगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा,
मेरे मन की बातें बाबा,
किसे बताऊंगा,
रह ना पाऊँगा श्याम मैं,
रह ना पाऊंगा।bd।

**Singer – Sachin Khandelwal**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com